महत्वपूर्ण एवं खास

बेकाबू ट्रेलर आधी रात को घुसी मकान में, चार घायल

कोरबा। करतला थाना क्षेत्र के चचिया बस स्टैंड में निवासरत परदेशीराम पटेल के घर की दीवार तोड़ कर हाटी से कोरबा की ओर जा रहा तेज रफ्तार ट्रेलर घुस गया। आधी रात को हुई इस घटना के वक्त परिवार के सभी सदस्य सो रहे थे। इससे चार लोगों को चोटें आई। इसमें नेहा 16 वर्ष, पूर्णिमा 30 वर्ष, सीमान तीन वर्ष और कमलाबाई 65 वर्ष को शामिल हैं। घटना के बाद डायल 112 व संजीवनी 108 की मदद से घायलों को इलाज के लिए करतला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर है।

झाड़ी में छिपा कर रखे चोरी के डीजल समेत दो युवक गिरफ्तार

कोरबा। दीपका खदान से नियोजित वाहनों से 210 लीटर डीजल चोरी कर बदमाशों ने बाइपास रोड किनारे झाड़ी में छिपाकर रख दिया और निगरानी करने लगे। पुलिस ने दबिश देकर भाग रहे दो युवकों को पकड़ डीजल जब्त किया। कोयला खदान से डीजल चोरी का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। चोर खदान में घुस कर सरेआम डीजल चोरी कर रहे हैं और सुरक्षा कर्मी रोक नहीं पा रहे। सोमवार की रात साउथ इस्टर्न कोलफिल्डस लिमिटेड एसईसीएल की दीपका खदान से डीजल चोरी कर ग्राम दर्राखांचा हरदीबाजार, दीपका बाइपास रोड के पास किनारे में बदमाशों ने छिपा कर रखा। मंगलवार को मुखबिर से सूचना मिलने पर उप थाना प्रभारी निरीक्षक अभय सिंह बैस की अगुवाई में पुलिस स्थल पर पहुंची, तब दो युवक पुलिस को देखकर भागने लगे। तब पुलिस ने दौड़ा कर घेराबंदी कर दो युवकों को पकड़ा। पूछताछ में अपना नाम राज कुमार रोहिदास 23 वर्ष निवासी चौकी व रोहित चौहान निवासी 22 वर्ष निवासी ग्राम अंडीकछार, बताया। उनके पास से छह प्लास्टिक जरीकेन में 35-35 लीटर डीजल भरा जब्त किया। उन्होंने दीपका खदान में लगे वाहनो से डीजल चोरी करना बताया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर न्यायायिक हिरासत में भेज दिया।

मुख्यमंत्री ने रतनपुर में मां महामाया की पूजा-अर्चना की

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने चैत्र नवरात्र की पंचमी के अवसर पर आज छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध तीर्थ शक्तिपीठ रतनपुर में महामाया देवी की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री बघेल के साथ कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे ने भी देवी माता का आशीर्वाद लिया । इस अवसर पर सिद्ध शक्तिपीठ महामाया देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आशीष सिंह ठाकुर, कमिश्नर डॉ संजय अलंग, कलेक्टर डॉ.सारांश मित्तर, एसपी पारुल माथुर सहित बड़ी संख्या में दर्शनार्थी एवं भक्तगण उपस्थित थे।

छत्तीसगढ़ में गेहूं की खेती का तेजी से बढ़ता ग्राफ

❒ तीन सालों में रकबा एक लाख से बढक़र हुआ सवा दो लाख हेक्टेयर

❒ इस साल पौने तीन लाख हेक्टेयर में हो रही गेहूं की खेती

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ राज्य में खेती-किसानी में अब तेजी से बदलाव आ रहा है। राज्य सरकार की किसान हितैषी नीतियों के चलते फसल विविधीकरण को बढ़ावा मिलने लगा है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों को समय-समय पर दी जानी वाली सीधी मदद भी फसल विविधीकरण में मददगार साबित हुई है। इस योजना के तहत किसानों को सालभर में चार किश्तों में दी जानी वाली इनपुट सब्सिडी से खेती-किसानी समृद्ध हुई है और धान का कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ में अन्य फसलों की खेती की ओर किसानों का रूझान बढ़ा है। छत्तीसगढ़ में चना, तिवड़ा, सरसो, गेहूं रबी की मुख्य फसलें हैं। बीते तीन सालों में गेहूं की खेती की ओर राज्य के किसानों का रूझान तेजी से बढ़ा है। जिसके चलते गेहूं की रकबे में पौने तीन गुना की वृद्धि हुई। राज्य में तीन-चार साल पहले औसतन एक लाख हेक्टेयर में गेहूं की खेती हुआ करती थी, जो रबी सीजन 2020-21 में सवा दो लाख हेक्टेयर तक जा पहुंची थी, वही रबी सीजन 2021-22 में गेहूं का रकबा बढक़र पौने तीन लाख हेक्टेयर के करीब पहुंच गया है।

छत्तीसगढ़ के सिर्फ चार जिलों राजनांदगांव, कबीरधाम, बेमेतरा, दुर्ग क्षेत्र में देखें तो, गेहूं की खेती का रकबा तीन सालों में तीन गुना बढ़ गया है। वर्ष 2016-17 और 2017-18 उक्त जिलों में गेहूं की खेती औसतन 40-45 हजार हेक्टेयर में होती थी, जिसका रकबा बढक़र आज सवा लाख हेक्टेयर के करीब पहुंच गया है। गेहूं की खेती में तीन वर्षों में सर्वाधिक 4 गुना बढ़ोत्तरी बेमेतरा जिले में हुई है, यहां गेहूं की खेती का रकबा 14-15 हजार हेक्टेयर से बढक़र 55 हजार हेक्टेयर के करीब पहुंच गया है, जबकि इस दौरान राजनांदगांव जिले में गेहूं का रकबा 12 हजार हेक्टेयर से बढक़र 33 हजार हेक्टेयर और कबीरधाम जिले में 7 हजार हेक्टेयर से बढक़र 13 हजार हेक्टेयर हो गया है। बलरामपुर और सूरजपुर जिले में भी गेहूं की खेती को लेकर किसानों में क्रेज बढ़ा है। सूरजपुर जिले में 5 हजार हेक्टेयर से गेहूं का रकबा बढक़र 12 हजार हेक्टेयर से अधिक, बलरामपुर जिले में 9 हजार हेक्टेयर से बढक़र 24 हजार हेक्टेयर तक पहुंच गया है। सरगुजा में भी गेहूं की बुआई का रकबा लगभग दोगुना हो गया है। रबी सीजन 2017-18 में सरगुजा जिले में 54 सौ 10 हेक्टेयर में गेहूं की खेती हुई थी, जो आज 12 हजार हेक्टेयर से अधिक हो गई है।

राज्य के बिलासपुर संभाग के जिलों में भी गेहूं की खेती के रकबे में भी तीन सालों में लगभग 30 हजार हेक्टेयर की बढ़ोत्तरी हुई है। मुंगेली जिले में गेहूं का रकबा लगभग ढ़ाई गुना बढ़ा है। यहां तीन साल पहले औसतन 5 हजार हेक्टेयर में गेहूं की खेती होती थी, जो आज बढक़र 12 हजार हेक्टेयर से अधिक हो गई है। जांजगीर-चांपा जिले में भी गेहूं का रकबा लगभग 1500 हेक्टेयर से बढक़र 7 हजार हेक्टेयर के करीब पहुंच गया है। रायगढ़ जिले में अब 18 हजार हेक्टेयर में गेहूं की खेती होने लगी है। तीन साल पहले तक रायगढ़ जिले में औसतन रूप से मात्र 3 हजार हेक्टेयर गेहूं की खेती होती थी।

छत्तीसगढ़ राज्य में वर्ष 2016-17 रबी सीजन में एक लाख 5 हजार 860 हेक्टेयर में, वर्ष 2017-18 में एक लाख 2 हजार 190 हेक्टेयर में, वर्ष 2020-21 में 2 लाख 27 हजार हेक्टेयर में गेहूं की खेती हुई थी, इस साल 2 लाख 77 हजार हेक्टेयर में गेहूं की बुआई की जा रही है।

यंग इंडिया के बोल सीजन-2 का राजधानी रायपुर से हुआ आगाज

❒ भारतीय युवा कांग्रेस देश भर से निकाल रही है प्रतिभावान युवा प्रवक्ता-हरितवाल

रायपुर (आरएनएस)। भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुबोध हरितवाल, यंग इंडिया छग प्रभारी शिल्पा एक्का, पीसीसी महामंत्री अमरजीत चावला, पीसीसी प्रवक्ता विकास तिवारी ने आज रायपुर राजीव भवन में पत्रकार वार्ता के साथ यंग इंडिया के बोल सीजन 2 लॉन्च किया। इस दौरान महामंत्री अशरफ हुसैन, प्रवक्ता राहुल कर, अंशुल मिश्रा, नम्रता सोनी आकाश यदु समेत युवा साथी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय प्रवक्ता सुबोध हरितवाल ने बताया कि राहुल गांधी की उस सोच को मूर्त रूप देने में लगी हुई है जिस सोच के अंतर्गत राहुल गांधी ने पूरे देश भर से होनहार युवाओं को आगे लाने की ठानी है,इसी कड़ी में भारतीय युवा कांग्रेस यंग इंडिया के बोल प्रवक्ता चयन प्रतियोगिता के माध्यम से देश भर से प्रतिभावान युवाओं को चयन कर दिल्ली के मंच में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने का अवसर दे रही है, 2021 में भारतीय युवा कांग्रेस ने यंग इंडिया के बोल का सफल आयोजन कर देशभर के विभिन्न क्षेत्रों से राष्ट्रीय स्तर के 27 प्रवक्ताओं का चयन किया वही 250 से ज्यादा प्रदेश प्रवक्ता भी इसी मंच के माध्यम से चयनित हुए। राहुल गांधी की सोच को पुन: साकार करने के उद्देश्य से भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्लवरू के मार्गदर्शन में तथा भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास के नेतृत्व में देशभर में यंग इंडिया के बोल सीजन 2 का आगाज किया जा रहा है विगत 26 मार्च को यंग इंडिया के बोल सीजन 2 की लॉन्चिंग भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय कार्यालय से राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी के द्वारा की गयी इसी प्रकार विधिवत रूप से देशभर के सभी राज्यों में यंग इंडिया के बोल सीजन 2 की लॉन्चिंग की जा रही है।

राष्ट्रीय प्रवक्ता शिल्पा एक्का ने बताया कि राहुल गांधी की सोच है कि देश भर से प्रतिभावान युवाओं को आगे लाना है तथा देश की उन्नति में उन्हें भागीदार बनाना है जिसे मूर्त रूप देने के लिए युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्लवरू एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष बीवी श्रीनिवास के निर्देश पर यंग इंडिया के बोल सीजन 2 की लॉन्चिंग छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से की जा रही है इसके अंतर्गत 31 मई तक गूगल फार्म के माध्यम से प्रतिभागी आमंत्रित किये जाऐंगे उसके उपरांत 1 जून से 31 जुलाई तक विधानसभा एवं जिला स्तर पर प्रतिभागीयों की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिला तथा विधानसभा स्तर में सफलता हासिल करने वाले प्रतिभागीयों के लिए 1 अगस्त से 20 सितंबर के बीच राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय युवा कांग्रेस करेगी,राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागीयों को 30 सितंबर से 2 अक्टूबर तक होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा जो कि भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय कार्यालय दिल्ली में संपन्न होगा,राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपना लोहा मनवाने वाले प्रतिभागीयों को भारतीय युवा कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता तथा प्रदेश प्रवक्ता के रूप में नियुक्ति प्रदान करेगी।

अवैध देसी शराब विक्रेता चढ़ा पुलिस के हत्थे

कोरबा। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के द्वारा जिला में अवैध रूप से शराब विक्रेताओं एवं अवैध धंधे करने वालों आईपीएल सट्टा खेलने वालो के ऊपर शिकंजा कसने हेतु सर्व थाना/ चौकी प्रभारी गणों को निर्देशित किया गया है। आदेश के परिपालन में थाना कोतवाली क्षेत्र में मुखबिर को सक्रिय किया गया है दिनांक 04 अपै्रल 2022 को मुखबिर से सूचना मिला की मछली मार्केट इतवारी बाजार के पास अजय सोनी अवैध शराब की बिक्री कर रहा है।

इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर इतवारी बाजार मछली मार्केट कोरबा में पुलिस टीम द्वारा रेड करने पर आरोपी अजय सोनी के कब्जे से एक सफेद प्लास्टिक की बोरी में देशी मदिरा प्लेन 180उस वाली शीशी 28 नग तथा देशी मदिरा मसाला 750उस वाली शीशी 1 नग एवं 180उस मसाला शीशी 7 नग कुल मात्रा 7050उस बिक्री रकम 250? कुल 07लीटर देशी शराब जुमला कीमती 3390 रुपए जप्त कर आबकारी अधिनियम के तहत विधिवत कार्यवाही किया गया । आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है । संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह के नेतृत्व में सहा उपनिरी साहूकार खांडेकर, आरक्षक 106 अजय यादव, आरक्षक 685 चंद्रकांत गुप्ता, आर 682 परमेश्वर सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर कल

कोरबा। 7 अप्रैल विश्व स्वास्थ्य दिवस पर भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के तत्वाधान में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़ के प्रदेश सहसंयोजक डॉ देवेंद्र कश्यप के मुख्य आतिथ्य में एवं कोरबा जिला संयोजक डॉ संजय वैष्णव की अध्यक्षता में 7 अप्रैल 2022 गुरुवार को पतंजलि चिकित्सालय निहारिका में प्रात: 10 से 2 बजे तक किया गया है।

शिविर के विषय में शिविर प्रभारी द्वय भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ कोरबा के स्थाई आमंत्रित सदस्य डॉ नागेंद्र नारायण शर्मा एवं डॉग्राजेश राठौर ने बताते हुए कहा कि इस शिविर में भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के चिकित्सक अपनी चिकित्सकीय सेवायें प्रदान करेंगे। जिनके द्वारा शिविर में आये रोगियों को चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार प्रदान करने के साथ साथ उनके लाइफस्टाइल तथा डाइट के विषय में विशेष जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया जायेगा जो की विश्व स्वाथ्य दिवस का उद्देश्य भी है। साथ ही ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर, की जांच निशुल्क करने के साथ साथ आवश्यकता एवं उपलब्धतानुसार दवाईयां भी निशुल्क प्रदान की जायेगी। भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ कोरबा के सह संयोजक द्वय डॉ सौरभ जायसवाल एवं डॉ लक्ष्मीनारायण जायसवाल ने अंचलवासियों से विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आयोजित इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

जलजीवन मिशन के कार्यो को समय-सीमा में करे पूर्ण- कलेक्टर

❒ गौठान पहुंच कार्यक्रम के तहत कल जिला स्तरीय अधिकारी करेंगे गौठानों का भ्रमण

❒ कलेक्टर रानू साहू ने समय सीमा की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

कोरबा। कलेक्टर रानू साहू ने जिले में चल रहे जल जीवन मिशन के अंतर्गत विभिन्न कार्यो को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये है। उन्होने कलेक्टोरेट सभा कक्षा में आयोजित समय-सीमा की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के परिवारों को घरेलू नल कनेक्शन देने के कार्य में प्रगति लाने और कार्य को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिये। कलेक्टर साहू ने जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों, आंगनबाड़ी केन्द्रों और स्कूल-छात्रावास भवनो में शत-प्रतिशत रनिंग वाटर फैसिलिटी प्रदान करने के निर्देश दिये। उन्होने जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिलें में अभी तक हुए कार्यो के प्रगति की समीक्षा की उन्होने मिशन के अंतर्गत कार्यो को शत प्रतिशत पूर्ण करने और कार्यो की मानिटरिंग करने के निर्देश जिला पंचायत सी.ई.ओं को दिये। कलेक्टर साहू ने राजस्व विभाग के समीक्षा के दौरान लंबित राजस्व प्रकरणों और उनके निराकरण की अद्यतन जानकारी एसडीएम, तहसीलदार से ली। उन्होंने कहा कि लोगों को राजस्व प्रकरणों के निराकरण से संबंधित परेशानी नहीं होनी चाहिए। कलेक्टर ने नागरिकों के नामांतरण, बंटवारा,सीमांकन खाता विभाजन, बटांकन पेंशन, राशन आदि आवेदनों का भी समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने नक्शा बटांकन, अविवादित नामांतरण आदि के लंबित प्रकरणों को तहसीलदारो, राजस्व निरीक्षक और पटवारियो की संयुक्त टीम बनाकर समय-सीमा में प्रकरणो को निराकृत करने के भी निर्देश दिये। साप्ताहिक समीक्षा बैठक में एडीएम सुनील नायक, जिला पंचायत सीईओ नूतन कंवर, नगर निगम आयुक्त प्रभाकर पाण्डेय सहित सभी विभागों के अधिकारी गण मौजूद रहे। समय-सीमा की समीक्षा बैठक में कलेक्टर साहू ने गौठान पहुंच कार्यक्रम के तहत गौठान भ्रमण के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिये। गौठान पहुंच कार्यक्रम के अंतर्गत 08 अपै्रल को जिला स्तरीय अधिकारीगण जिले के सभी गौठानो का भ्रमण करेंगे।

वन अधिकार अधिनियम: छत्तीसगढ़ में 4.91 लाख से अधिक वन अधिकार पत्र वितरित, वन निवासियों को दी गई है करीब 23.46 लाख हेक्टेयर भूमि

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में वन अधिकार अधिनियम के तहत चार लाख 91 हजार 750 वन अधिकार पत्रों का वितरण हितग्राहियों को किया गया है। इसके तहत करीब 23 लाख 46 हजार 641 हेक्टेयर भूमि हितग्राहियों को बांटी गई है। यह जानकारी राज्य स्तरीय वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन हेतु गठित समिति की बैठक में दी गई। बैठक में व्यक्तिगत एवं सामुदायिक वन अधिकार पत्रों की जिलेवार प्रगति, सामुदायिक वन अधिकार प्रकरणों में विभिन्न प्रयोजन हेतु वितरित भूमि में किए गए विकास कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में संसदीय सचिव शिशुपाल शोरी, पूर्व विधायक कटघोरा बोधराम कंवर सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद थे।

बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने वन अधिकार अधिनियम के नोडल विभाग आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वन अधिकार अधिनियम के तहत व्यक्तिगत एवं सामुदायिक अधिकार पत्र के हितग्राहियों की सूची ग्राम पंचायतों में उपलब्ध की जाए और वन अधिकार पत्र के हितग्राहियों स्टेटस ऑनलाइन किया जाए। बैठक में व्यक्तिगत एवं सामुदायिक वन अधिकार पत्रों के प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में वन अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र के तहत चार लाख 45 हजार 586 हितग्राहियों को तीन लाख 63 हजार 664 हेक्टेयर से ज्यादा भूमि वितरित की गई है। इसी तरह से सामुदायिक वन अधिकार पत्रों के तहत 45 हजार 764 प्रकरणों में 19 लाख 82 हजार 977 हेक्टेयर भूमि का वितरण किया गया है। बैठक में वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत वितरित भूमि के एक लाख दो हजार 676 हितग्राहियों के भूमि विकास संबंधी कार्यों में भूमि समतलीकरण एवं मेढ़ बंधान के करीब 54 हजार 572 हेक्टेयर भूमि में कार्य किया गया है। इसके लिए 36 करोड़ 68 लाख से अधिक की राशि स्वीकृत की गई।

अधिकारियों ने यह भी बताया कि हितग्राहियों को कृषि कार्य हेतु खाद एवं बीज हेतु एक लाख 43 हजार 870 हितग्राहियों एवं कृषि उपकरण हेतु 11 हजार 188 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर्ड एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।
मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।
पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।
अन्य बिन्दु
● संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
● पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
● संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
● संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
● संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

चोरी के 1000 लीटर डीजल जब्त, घेराबंदी से डरकर वाहन छोड़ भागे चोर

❒ मोरगा और सूरजपुर की तारा पुलिस ने की संयुक्त कार्रवाई

कोरबा। पेट्रो पदार्थों की कीमतों में बढ़ोत्तरी होने के साथ पिछले दरवाजे इसकी उपलब्धता के विकल्प तलाशे जा रहे हैं। इस चक्कर में कोयला खदानों से चोरी की घटनाएं बढ़ गई है। कोरबा जिले की मोरगा पुलिस चौकी और सूरजपुर की तारा पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक लाख रुपए से ज्यादा कीमत का डीजल जब्त किया है। मोरगा पुलिस ने इसे तारा पुलिस के हवाले कर दिया है। इस सिलसिले में एक बोलेरो भी पुलिस ने जब्त की।

जानकारी के अनुसार आज सुबह 4 बजे के आसपास मोरगा पुलिस को इस संबंध में खबर मिली थी। इसमें कहा गया था कि तारा चौकी क्षेत्र से अज्ञात लोग सफेद सोल्ड बोलेरो में डीजल चोरी कर मोरगा की ओर भाग रहे हैं जिसका तारा पुलिस पीछा कर रही है। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस ने गंभीरता से लिया। प्रभारी सुखलाल सिदार ने फौरन कार्रवाई करते हुए नेशनल हाईवे पर बेकेटिंग कराई। चेकिंग के दौरान ग्राम तारा की ओर से सफेद सोल्ड बोलेरो आते हुए दिखी। पुलिस को देख वाहन का चालक गाड़ी की स्पीड कम करने के साथ उसे बैक किया और मिशन रोड मोरगा के पास से खिरटी की तरफ भाग गया। पुलिस ने उसका लगातार पीछा किया। इस दौरान वाहन चालक और उसमें सवार लोग घेराबंदी से डरकर वाहन को जंगल में छोडऩे के साथ फरार हो गए। अंधेरे की स्थिति का उक्त लोगों ने लाभ लिया। मौके से पुलिस ने बोलेरो में 15 जेरीकेन पाई जिसमें लगभग एक हजार लीटर डीजल बरामद किया गया। मोरगा और तारा पुलिस के प्रयास से यह काम संभव हुआ। मोरगा पुलिस की टीम में चौकी प्रभारी सुखलाल सिदार के अलावा हेड कांस्टेबल सुरेश तिर्की, पवन सिंह, आरक्षक मुकेश लहरे, दिनेश मरावी, होमेलो तिग्गा की भूमिका रही। जब्त सामान तारा पुलिस को सौंपा गया।

15 लाख से अधिक की बोलेरो और एक लाख से ज्यादा कीमत का डीजल जप्त करने के साथ पुलिस ने आरोपियों के मंसूबे नाकाम कर दिए। इसी के साथ सवाल खड़े हो गए हैं कि आखिर चोरों का मनोबल मजबूत कैसे हो रहा है। इस मामले में जप्त की गई वाहन और उसके साथ लाया जा रहा डीजल सूरजपुर जिले की तरफ से होना सामने आया है, इससे प्रबल संभावना है कि आरोपियों ने एसईसीएल की खदानों को ही निशाना बनाया है जो सूरजपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित हो रही है। इससे पहले तक इस जिले में संगठित गिरोह की गतिविधियों की हलचल बहुत ज्यादा नहीं थी।